INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST-1 (2024-25)
SUBJECT-HINDI (COURSE-B)
SUBJECT CODE-085

No. of printed pages: 02

SET-II

CLASS : X **MAX. MARKS : 20**
DATE : 20/05/2024 **TIME: 40 MINUTES**

सामान्य निर्देश:
इस प्रश्न-पत्र में कुल पाँच प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड 'क' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x4=4)

प्रत्येक व्यक्ति का जीवन संघर्षों से भरा होता है। जीवन का कोई भी रास्ता सफल या निर्बाध नहीं होता। कामयाबी के हर रास्ते में कई मुश्किलों का आना तय है। हर बड़ी सफलता के पीछे अनेक छोटी-छोटी असफलताएँ छिपी रहती हैं। किसी बड़े पत्थर के टुकड़े करने के लिए हमें उस पर असंख्य प्रहार करने पड़ते हैं। अंत में एक प्रहार ऐसा होता है कि यह पत्थर को दो टुकड़ों में बाँट देता है। क्या अंतिम प्रहार से पहले किए गए सारे प्रहार निरर्थक थे ? नहीं। ऊपर से देखने पर बेशक पहले का हर प्रहार निरर्थक लगता हो, लेकिन हर प्रहार पूरी तरह सार्थक था, क्योंकि उन प्रहारों में ही अंतिम प्रहार की सफलता छिपी हुई थी। हर चोट ने निरंतर उस पत्थर को टूटने के अधिकाधिक निकट ला दिया था। वास्तव में थोड़ी-बहुत असफलताओं के बिना सफलता संभव ही नहीं। व्यक्ति अपनी सफलताओं की बजाय असफलताओं से सीखता है।

(i) बड़े पत्थर के टुकड़े को तोड़ने में उस पर पड़ने वाले किस प्रहार का अधिक महत्त्व है ?

(क) पहले प्रहार का
(ख) अंतिम प्रहार का
(ग) प्रत्येक प्रहार का
(घ) दूसरे प्रहार का

(ii) जीवन का कोई भी रास्ता नहीं होता –

(क) बाधा रहित
(ख) दुखद
(ग) बाधा युक्त
(घ) बहुत लंबा

(iii) हर बड़ी सफलता के पीछे क्या छिपा होता है ?

(क) धन-दौलत
(ख) एक बड़ा इतिहास
(ग) एक सुनहरा भविष्य
(घ) छोटी-छोटी असफलताएँ

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) – कामयाबी के हर रास्ते में कई मुश्किलों का आना तय नहीं है।
कारण (R) – व्यक्ति अपनी असफलताओं की बजाय सफलताओं से सीखता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

खंड 'ख' (व्याकरण)

प्रश्न-2. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंधों के भेद बताइए – (1x2=2)

(i) भोर में दिखाई देने वाला तारा आज दिखाई नहीं दे रहा है।

(ii) रंजीता बिना पलक झपकाए ध्यानपूर्वक नाटक देख रही थी।

(ख) 'अपने बच्चों को न पाकर वे खामोश और उदास हो गए।' वाक्य में सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए। (1)

प्रश्न-3. निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) 'छक्के छुड़ाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। (1)

(ख) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग कर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। (1x2=2)

(i) पहाड़ होना

(ii) आड़े हाथों लेना

खंड 'ग' (साहित्य)

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) कवि कबीर ने अपने दोहे में 'हिरण और कस्तूरी' का उदाहरण क्यों दिया है ? 'साखी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'साखी' पाठ के आधार पर निंदक के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए उससे प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में लिखिए।

(iii) 'बड़े भाई साहब' पाठ से प्राप्त संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।

(iv) 'निराशा के बादल फट जाने पर छोटा भाई इरादा करता कि वह आगे से जी लगाकर पढ़ेगा। वह चटपट एक टाइम-टेबिल बनाता था।' इसी तरह कुछ विद्यार्थी भी पढ़ने के लिए टाइम-टेबिल बनाते हैं और कुछ विद्यार्थी बिना टाइम-टेबिल बनाए पढ़ते हैं। आप अपनी पढ़ाई कैसे करते हैं और क्यों ? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

खंड 'घ ' (लेखन)

प्रश्न-5. आप बाल निकेतन विद्यालय में पढ़ते / पढ़ती हैं। आपके विद्यालय में अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सांस्कृतिक क्लब के अध्यक्ष प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का चयन करेंगे। प्रतियोगिता की पूर्ण जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। (4)

****